हरिभूमि
सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार 14 अक्टूबर 2026

11 ढाणी सांचला-भोजराज रोड पर 25-25 लाख के दोनों नाले अधूरे



12 न पालिका में जगह न पंचायत में पहचान



खबर संक्षेप

अवैध पिस्तौल सहित युवक को किया काबू

फतेहाबाद। एंटी नारकोटिक सेल फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को 32 बोर के अवैध पिस्तौल सहित काबू किया है। आरोपी की पहचान अंकुश पुत्र संजय कुमार निवासी गांव बड़ोपल, जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है। एएनसी सेल फतेहाबाद प्रभारी उपनिरीक्षक वेदपाल ने बताया कि उपनिरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त एवं अपराधों की रोकथाम के लिए बड़ोपल से कुम्हारिया की तरफ जा रही थी। इसी दौरान कार्रवाई की गई।

चावल गोदाम से चोरी के दो आरोपियों को पकड़ा

फतेहाबाद। चावल गोदाम से चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर टोहाना के अंतर्गत पुलिस चैकी कुलां की टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान कुलदीप पुत्र बनारसी और विनोद पुत्र हरनेक निवासी गांव धारसूल, जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए दो थैले चावल और एक बिजली का फर्राटा पंखा बरामद कर लिया है।

हेरोइन सप्लाई करने की फिराक में खड़ा युवक काबू

फतेहाबाद। सीआईए टोहाना पुलिस ने एक युवक को 6.33 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। आरोपी की पहचान सागर पुत्र ज्ञान चन्द निवासी गांव जमालपुर शेखां के रूप में हुई है। सीआईए टोहाना प्रभारी उप निरीक्षक अजय कुमार ने बताया कि पुलिस टीम उपनिरीक्षक जग्गा सिंह के नेतृत्व में टोहाना-खनौरा रोड पर कर्नल कॉलेज के नजदीक गश्त के दौरान मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस टीम को सूचना मिली कि गांव जमालपुर शेखां निवासी सागर हेरोइन तस्करी का काम करता है तथा इस समय खनौरा रोड स्थित रेलवे अंडरपास के नीचे ग्राहकों को हेरोइन सप्लाई करने की फिराक में खड़ा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई की और बताए गए स्थान पर पहुंचकर संदिग्ध युवक को काबू कर लिया।

नाबालिग से दुष्कर्म और अपहरण का आरोपी पकड़ा

फतेहाबाद। नाबालिग लड़की के अपहरण और यौन शोषण के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर टोहाना पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गया आरोपी अजीत सिंह सैणी, गीता कॉलोनी, टोहाना का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी को काबू कर आगामी कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि 7 अक्टूबर को एक नाबालिग लड़की अपनी माता के साथ थाने पहुंची थी। पीड़िता ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि आरोपी अजीत सिंह ने उसे शादी का झांसा दिया।

मंडियों में धान के ढेर बढ़ने से नई फसल के लिए जगह की चिंता, मौसम बिगड़ने का भी खतरा

आधे से ज्यादा शैलरों के खरीद एजेंसियों के साथ नहीं हुए एग्रीमेंट, कैसे होगी लिफ्टिंग, खुले में पड़ा है 73% धान

- पिछले साल 261 मिलों के मुकाबले इस बार 125 को अलॉटमेंट

सुरेन्द्र असीजा ⏭फतेहाबाद

धान खरीद सीजन के बीच फतेहाबाद जिले की मंडियों में उठान की रफ्तार व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही है। खरीद एजेंसियों ने 12 अक्टूबर तक 42,341 मीट्रिक टन धान की खरीद तो कर ली, लेकिन इसमें से 11,304 मीट्रिक टन का ही उठान हो पाया है। यानी खरीदे गए धान का करीब 27 प्रतिशत ही मंडियों से बाहर पहुंचा है, जबकि 31,037 मीट्रिक टन धान का उठान होना बाकी है। दूसरी ओर, जिले में 125 राइस मिलों को अलॉटमेंट किए जाने के बावजूद अब तक केवल 50 मिलों के ही खरीद एजेंसियों के साथ एग्रीमेंट हो पाए हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि जब धान की खरीद लगातार हो रही है तो उसके उठान के लिए पर्याप्त इंतजाम समय पर क्यों नहीं हो पाए। धान खरीद के साथ उठान की व्यवस्था को गति देने की जिम्मेदारी खरीद एजेंसियों और संबंधित विभागों की है। मंडियों में खरीदे गए धान का ढेर बढने से किसानों की नई फसल के लिए जगह की जरूरत और मौसम खराब होने की स्थिति में फसल को सुरक्षित रखने की चुनौती भी बढ़ जाती है। ऐसे में उठान में देरी का असर केवल मंडियों की व्यवस्था तक सीमित नहीं रहता, बल्कि किसानों की चिंता भी बढ़ाता है।

125 मिलों की अलॉटमेंट एग्रीमेंट केवल 50 से



फतेहाबाद। धान से अटी फतेहाबाद की अनाज मण्डी। फोटो: हरिभूमि

अलग खबर

42 हजार टन से ज्यादा खरीद

12 अक्टूबर तक जिले में तीन खरीद एजेंसियों ने कुल 42,341 मीट्रिक टन धान खरीदा है। इसमें खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने 17,625 मीट्रिक टन, हैफेड ने 15,970 मीट्रिक टन और हरियाणा वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन ने 8,746 मीट्रिक टन धान की खरीद की है। इसके मुकाबले उठान 11,304 मीट्रिक टन ही हुआ है। आंकड़ों के अनुसार, खरीद एजेंसियों के सामने अब तक खरीदे गए धान में से 31,037 मीट्रिक टन का उठान करने की चुनौती है। यानी कुल खरीद का लगभग 73 प्रतिशत धान अभी उठान के इंतजार में है।

निर्देशों से आगे बढ़कर जमीन पर दिखानी होगी तेजी

सरकार ने धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,461 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। खरीद एजेंसियों को किसानों की फसल खरीदने के साथ उठान और भुगतान की प्रक्रिया भी तय समय में पूरी करनी है। विभाग की ओर से अधिकारियों को खरीद सुचारू रखने, उठान में तेजी लाने और किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। हालांकि, मौजूदा आंकड़े बताते हैं कि केवल निर्देश जारी करना पर्याप्त नहीं है। जरूरी है कि खरीद एजेंसियां मंडीवार उठान की स्थिति स्पष्ट करें, लंबित धान को उठाने का लक्ष्य तय करें और राइस मिलों के साथ एग्रीमेंट की प्रक्रिया तेजी से पूरी करें। किसानों को राहत तभी मिलेगी, जब खरीद के साथ उठान भी रफ्तार पकड़ेगा।

जिले में धान की मिलिंग के लिए कुल 125 राइस मिलों को अलॉटमेंट किया गया है, लेकिन अब तक केवल 50 शेलरों के साथ ही खरीद एजेंसियों के एग्रीमेंट हो पाए हैं। शेष मिलों की प्रक्रिया अभी पूरी नहीं हुई है। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक कुशल बूरा के अनुसार, 50 मिलों के एग्रीमेंट हो चुके हैं और बाकी मिलों की प्रक्रिया जारी है। बीते वर्ष यह संख्या 261 थी। यह स्थिति इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि धान की खरीद के साथ उसका उठान और आगे की मिलिंग की व्यवस्था भी समय पर चलना जरूरी है। यदि मिलों के साथ एग्रीमेंट और उठान की प्रक्रिया में देरी होती है तो खरीदा गया धान लंबे समय तक मंडियों में पड़ा रह सकता है। ऐसे में विभाग को यह स्पष्ट करना होगा कि बाकी मिलों के एग्रीमेंट कब तक पूरे होंगे।

यूपी से रतिया बिक्री के लिए आए धान के ट्रक को मार्केट कमेटी सचिव ने पकड़ा

रतिया। बाहरी राज्यों से आने वाले धान को लेकर भारतीय किसान यूनियन खेती बचाओ के प्रदेश अध्यक्ष राजविंदर सिंह चहल द्वारा आंदोलन की चेतावनी देने के बाद मार्केट कमेटी के सचिव ओम प्रकाश चहल ने कड़ी कार्रवाई करनी शुरू कर दी है। मार्केट कमेटी के सचिव ने देर रात फतेहाबाद रोड पर उत्तर प्रदेश राज्य से आए धान के एक ट्रक को पकड़ लिया और धान पर मार्केट कमेटी फीस एचआरडीएफ फीस और जुर्माना सहित 68 हजार रुपये की राशि वसूल की है। मार्केट कमेटी की इस कार्रवाई से बाहरी राज्यों से लाकर धान रतिया क्षेत्र में बेचने वाले लोगों में हडक़ंप मच गया है। भारतीय किसान यूनियन खेती बचाओ के प्रदेश अध्यक्ष राजविंदर सिंह चाहल ने आरोप लगाया था कि रतिया क्षेत्र में बाहरी राज्यों से धान और चावल भारी मात्रा में आकर बिक रहा है जिससे रतिया क्षेत्र के किसानों को बाहरी नुकसान हो रहा है।

खरीद व्यवस्थाओं का जायजा लेने पहुंचे डीसी

फतेहाबाद। डीसी डॉ. विवेक भारती ने मंगलवार को फतेहाबाद अनाज मंडी का दौरा कर धान खरीद, फसल के उठान तथा किसानों के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को अनाज मंडी में प्रवेश करने, गेट पास बनवाने और अपनी फसल बेचने में किसी प्रकार की अनावश्यक परेशानी नहीं होनी चाहिए। खरीद सुचारू, पारदर्शी एवं निर्धारित नियमों के अनुसार पूरी की जाए तथा किसानों को उनकी फसल का भुगतान समय पर सुनिश्चित किया जाए। डीसी डॉ. विवेक भारती ने मंडी में धान की आवक, खरीद प्रक्रिया, गुणवत्ता जांच, गेट पास जारी करने और खरीदी गई फसल के उठान की व्यवस्थाओं का मौके पर निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से धान खरीद की जानकारी लेते हुए कहा कि किसानों को फसल बिक्री के लिए अनावश्यक इंतजार न करना पड़े। निर्धारित समय पर गेट पास जारी किए जाएं। डीसी ने खरीद एजेंसियों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि खरीदी गई धान की फसल का समय पर उठान सुनिश्चित किया जाए, ताकि मंडी में फसल के प्रबंधन और नई आवक में किसी प्रकार की बाधा न आए।

जिला की मंडियों में 10577 एमटी धान की खरीद

सिरसा। जिला की विभिन्न मंडियों में खरीद एजेंसियों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 10577 मीट्रिक टन (एमटी) धान की खरीद की जा चुकी है। गत दिवस तक कुल आवक में से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 5345 एमटी, हैफेड द्वारा 3969 एमटी तथा हरियाणा स्टेट वेयरहाउसिंग कारपोरेशन द्वारा 1263 एमटी खरीद की गई है। इसके साथ-साथ उठान प्रक्रिया भी तेजी से जारी है। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक हरवीर सिंह ने बताया कि डबवाली अनाजमंडी में 1648 एमटी, देसूजोधा मंडी में 847 एमटी, ऐलनाबाद मंडी में 900 एमटी, कालांवाली में 1786 एमटी, रानियां में 860 एमटी, रोड़ी मंडी में 1157 एमटी धान की खरीद दर्ज की गई, साथ ही जिला की अन्य मंडियों में भी धान की आवक जारी है। उन्होंने किसानों से अपील की कि धान को सुखाकर मंडी में लेकर आए, ताकि जल्द खरीद की जा सके।



फतेहाबाद। जाखल मंडी में धरना देते मजदूर। फोटो: हरिभूमि

धान सीजन के बीच जाखल मंडी में मजदूरों का प्रदर्शन

- सफाई और बारदाने की मांग को लेकर कामकाज ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

जिले में धान खरीद सीजन पीक पर है, इसी बीच जाखल अनाज मंडी में मंगलवार को मजदूरों ने काम छोडक़र विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। फसल की बार-बार सफाई करवाने और मंडी में खरीदे गए धान के लिए बारदाना उपलब्ध न होने से नाराज मजदूर एकजुट हो गए, जिससे मंडी का कामकाज पूरी तरह ठप हो गया है। प्रदर्शनकारी मजदूरों ने रोष जताते हुए कहा कि जब वे धान को खरीद के लिए तैयार करते हैं, तो एक बार फसल की सफाई कर उस पर पट्टी लगा देते हैं, लेकिन इसके बाद भी उनसे बार-बार यही काम करवाया जा रहा है। इससे उन्हें एक ही फसल पर अतिरिक्त श्रम करना पड़ रहा है। मजदूरों ने स्पष्ट किया कि वे निर्धारित प्रक्रिया के तहत एक बार सफाई और पट्टी का काम करने को पूरी तरह तैयार हैं, लेकिन वे बार-बार एक ही काम नहीं करेंगे। इसके अलावा, उन्होंने मंडी में धान भरने के लिए पर्याप्त बारदाना न मिलने पर भी सवाल उठाए।

अधिकारियों के न पहुंचने पर नाराजगी

मजदूरों के मुताबिक, वे इस समस्या को पहले भी संबंधित केंद्रों और अधिकारियों के समक्ष उठा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला है। प्रदर्शन के दौरान उनकी समस्याएं सुनने के लिए मौके पर कोई भी जिम्मेदार अधिकारी नहीं पहुंचा। मजदूरों ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक उनका कार्य बहिष्कार जारी रहेगा। जरूरत पडऩे पर इस विरोध प्रदर्शन को और तेज किया जाएगा।

मजदूरों की हड़ताल से व्यवस्था चरमराई

धान खरीद सीजन के बीच मजदूरों के काम छोडऩे से मंडी की पूरी व्यवस्था चरमरा गई है। फसल की सफाई और पट्टी से लेकर खरीद के बाद धान संभालने तक के तमाम कार्य मजदूरों पर निर्भर हैं। यदि यह गतिरोध लंबा खिंचता है, तो इसका सीधा असर खरीद की रफ्तार और मंडी में अपनी फसल लेकर पहुंचने वाले किसानों पर पड़ सकता है। इस दौरान गोरा, काला, मलकीत सिंह, नरेश कुमार, राम, संदीप, चेना राम समेत भारी संख्या में मजदूर वर्ग के लोग उपस्थित रहे।

तीन युवक 72,285 नशीली दवाइयों सहित गिरफ्तार

- गश्त और चेकिंग के दौरान पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

सीआईए सिरसा पुलिस ने गश्त के दौरान अनाजमंडी क्षेत्र में पंजाब ढाबे के पास स्कूटी सवार तीन युवकों को काबू कर उनके कब्जे से 72,285 नशीली गोलियां व कैप्सूल बरामद किए हैं। पुलिस ने आगामी कार्रवाई के लिए आरोपियों और बरामद नशीली दवाओं को ड्रग्स इंस्पेक्टर के हवाले कर दिया है। सीआईए सिरसा प्रभारी इंस्पेक्टर रविंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस टीम बीती रात गश्त व चैकिंग के दौरान अनाजमंडी क्षेत्र में थी। इसी दौरान पंजाब ढाबे के नजदीक स्कूटी के पास तीन युवक खड़े दिखाई दिए। पुलिस की गाड़ी को सामने देखकर तीनों ने स्कूटी स्टार्ट कर मौके से भागने का प्रयास किया, लेकिन स्कूटी अचानक गिर गई। शक के आधार पर पुलिस टीम ने युवकों को रोककर पूछताछ की।



सिरसा। नशीली गोलियों, कैप्सूलों के साथ पकड़े गए आरोपी। फोटो: हरिभूमि

हत्या के मामले में आरोपी को उम्रकैद

- लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही महिला की की थी हत्या,

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

टोहाना में महिला की हत्या के करीब पांच साल पुराने मामले में अदालत ने आरोपी संदीप उर्फ बारू को दोषी करार देते हुए आजीवन कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नवेंदु जैन की अदालत ने मंगलवार को आरोपी पर 50 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया। जुर्माना अदा नहीं करने पर उसे छह महीने का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा। मामले की पैरवी जिला न्यायवादी देवेंद्र मित्तल और सहायक जिला न्यायवादी सुरेंद्र सिंह ने की। अभियोजन पक्ष की ओर से अदालत में गवाहों के बयान और अन्य साक्ष्य प्रस्तुत किए गए। इनका मूल्यांकन करने के बाद अदालत ने आरोपी को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत दोषी ठहराया। अभियोजन पक्ष के अनुसार, मामले में शिकायतकर्ता की उम्र करीब 16 वर्ष थी। उसके पिता की मृत्यु हो चुकी थी और वह अपनी छोटी बहन व दिव्यांग मां के साथ रहता था। उसकी मां पिछले छह-सात महीने से संदीप उर्फ बारू के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में टोहाना में किराये के मकान में रह रही थी। आरोप था कि संदीप महिला के चरित्र पर शक करता था और इसी बात को लेकर उसके साथ मारपीट भी करता था। 27 जुलाई 2021 को संदीप उसकी मां को पेंशन के पैसे निकलवाने के बहाने मोटरसाइकिल पर अपने साथ ले गया। इसके बाद महिला वापस घर नहीं लौटी।

अगले दिन नहर से मिला था शव

महिला के नहीं लौटने पर 28 जुलाई 2021 को शिकायतकर्ता ने टोहाना शहर थाने में पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। इसी दिन डबवाली क्षेत्र में नहर से एक महिला का शव बरामद हुआ। शव का पोस्टमार्टम करवाकर पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई की। जांच के दौरान संदीप उर्फ बारू की भूमिका सामने आने पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया। अभियोजन पक्ष के अनुसार, पुलिस पूछताछ में आरोपी ने महिला को नहर में धक्का देकर हत्या करने की बात बताई।



सिरसा। सालासर के लिए बस को हरी झांडी दिखाकर रवाना करते हुए।

चौपटा से सालासर के लिए बस सेवा शुरू

चौपटा। सालासर धाम जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंगलवार को सिरसा से वाया नाथूसरी चौपटा-भादरा होते हुए सालासर के लिए हरियाणा रोडवेज की बस सेवा शुरू की गई। नाथूसरी चौपटा बस स्टैंड से बस को जिला सिरसा भाजपा उपाध्यक्ष नीकुराम फौजी, जजपा नेता कृष्ण शाहपुरिया, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष वेदपाल सिंवर, बलराम कासनिया, बंसी बैनीवाल और बस स्टैंड इंचार्ज सुभाष ने हरी झांडी दिखाकर रवाना किया। इस बस सेवा से चौपटा क्षेत्र और आसपास के गांवों के श्रद्धालुओं को सालासर धाम आने-जाने में सुविधा मिलने की उम्मीद है। बस सेवा शुरू होने पर श्रीबाला जी सेवा समिति और चौपटा क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, सिरसा के जिला उपायुक्त, हरियाणा रोडवेज के जीएम, टीएम तथा रोडवेज के सभी कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस बस सेवा से सालासर धाम जाने वाले यात्रियों को सुविधा मिलेगी।

नपा के विकास कार्यों की जांच करने पहुंची विजिलेंस टीम

- लव-कुश पार्क के आसपास विकास कार्यों की गुणवत्ता खंगाली, कनिष्ठ अभियंता से टेंडर और स्टेटस रिपोर्ट ली

हरिभूमि न्यूज ⏭भूना

नगर पालिका में विकास कार्यों में कथित भ्रष्टाचार की शिकायतों के बीच मंगलवार को विजिलेंस की टीम ने वार्ड नंबर 5 स्थित लव-कुश पार्क और आसपास की दो गलियों में जांच की। टीम ने विभिन्न गलियों में करवाए गए विकास कार्यों के सैंपल लिए और संबंधित कार्यों के दस्तावेजों की बारीकी से पड़ताल की। विजिलेंस की इस कार्रवाई से नगर पालिका में करवाए गए विकास कार्यों को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। मिली जानकारी के अनुसार, विजिलेंस की टीम पहले सीधी नगर पालिका ऑफिस में पहुंची और बाद में वार्ड नंबर 5 में पहुंची। जहां लव-कुश पार्क व दो आसपास की गलियों में हुए निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने विकास कार्यों की गुणवत्ता की जांच के लिए सैंपल एकत्रित किए। इसके साथ ही संबंधित कार्यों से जुड़े रिकॉर्ड की भी जांच की गई, ताकि मौके पर हुए निर्माण और दस्तावेजों में दर्ज विवरण का मिलान किया जा सके। जांच के दौरान विजिलेंस की टीम ने नगर पालिका के कनिष्ठ अभियंता अरुण कुमार से संबंधित विकास कार्यों के टेंडर और कार्यों की स्थिति रिपोर्ट हासिल की।

मिसाल कभी प्रदूषण की वजह बनी पराली, अब कमाई का बेहतरीन जरिया

ढ़ाई करोड़ रुपये की लागत से वर्ष 2024 में स्थापित की फैक्ट्री

पराली से पैलेट्स बनाकर सालाना 7 से 8 करोड़ रुपये का कारोबार कर रहीं संजना और सोनिका

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

खेतों में फसल अवशेष जलने से उठने वाला धुआं कभी पर्यावरण और आमजन के लिए बड़ी परेशानी का कारण बनता था, लेकिन अब यही पराली रोजगार और कमाई का जरिया बन रही है। सिरसा जिले के गांव घोड़ावाली निवासी संजना व सोनिका ने पराली की समस्या का समाधान तलाशते हुए वर्ष 2024 में फैक्ट्री स्थापित की। यहां धान की पराली से पैलेट्स तैयार किए जाते हैं, जिन्हें बिजली संयंत्रों में ईंधन के रूप में इस्तेमाल किया जाता है।



संजना।

- पहल से पर्यावरण संरक्षण के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मिल सकती है मजबूती

करीब ढाई करोड़ रुपये की लागत से स्थापित इस परियोजना को कृषि अवसंरचना कोष (एआईएफ) योजना के माध्यम से पूरा किया गया। आज इस फैक्ट्री का सालाना कारोबार 7 से 8 करोड़ रुपये तक है। दो महिला साझेदार मिलकर इस इकाई का संचालन कर रही हैं।

सालाना डेढ़ लाख क्विंटल तक पराली की खपत

फैक्ट्री में पैलेट्स तैयार करने के लिए सिरसा और आसपास के क्षेत्रों में काम करने वाले बेलर संचालकों से पराली खरीदी जाती है। इस इकाई में हर साल करीब एक से डेढ़ लाख क्विंटल पराली की खपत होती है। धान की कटाई के सीजन में एकत्र की गई पराली का भंडारण करके उससे पूरे साल उत्पादन जारी रखा जाता है। इससे फसल अवशेष का उपयोगी उत्पाद तैयार होता है और पराली के प्रबंधन के लिए एक व्यावहारिक विकल्प भी मिलता है। फैक्ट्री में तैयार पैलेट्स बिजली संयंत्रों द्वारा खरीदे जाते हैं, जिससे उत्पाद के लिए बाजार उपलब्ध है।

20 से अधिक लोगों को मिला रोजगार

पराली से पैलेट्स बनाने वाली इस फैक्ट्री ने कारोबार के साथ रोजगार के अवसर भी पैदा किए हैं। यहां 20 से अधिक लोगों को रोजगार मिला हुआ है। यह पहल बताती है कि कृषि अवशेषों का उचित प्रबंधन केवल पर्यावरण संरक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे उद्योग और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिल सकती है। पराली को खेतों में जलाने के बजाय उपयोगी उत्पाद में बदलने से किसानों, बेलर संचालकों और उद्योगों के बीच आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलता है।

धुएं की परेशानी से निकला समाधान का रास्ता



सोनिका ने बताया कि कुछ साल पहले धान की कटाई के बाद आसमान में चारों तरफ धुआं दिखाई देता था। पराली जलाने से होने वाली परेशानी को देखते हुए उन्होंने इसके समाधान की दिशा में प्रयास शुरू किए। उनका उद्देश्य पराली का ऐसा उपयोग तलाशना था, जिससे पर्यावरण को होने वाले नुकसान को कम करने के साथ आर्थिक लाभ भी हासिल किया जा सके। उन्होंने कहा कि वे पर्यावरण संरक्षण के लिए अपनी तरफ से जितना योगदान दे सकती हैं, उतना देने का प्रयास कर रही हैं। सोनिका के अनुसार, सरकार की नीतियों और पराली प्रबंधन को बढ़ावा देने के प्रयासों से स्थिति में बदलाव आया है।



रामायण फिल्म से सामने आया जटायु का पोस्टर...

नई दिल्ली। फिल्म 'रामायण' के मेकर्स ने 'जटायु' से पर्दा उठा दिया है। मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर जारी किया है। इस किरदार को फिल्म में एक खास एक्टर की आवाज मिलने वाली है। फिल्म 'रामायण' के किरदारों के बारे में एक-एक करके जानकारी सामने आ रही है। मेकर्स ने एक सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया कि महाकाव्य के सबसे पूजनीय पात्रों में से एक जटायु को दर्शकों के सामने पेश किया गया है। इस किरदार को अनुपम खेर ने अपनी आवाज दी है। फिल्म 'रामायण' के पोस्टर में जटायु का क्लोज-अप दिखाई देता है, जिसमें उनकी गहरी और प्रभावशाली नजर खास तौर पर ध्यान खींचती है।

लाइफ Style

हरलीन

स्किन के साथ बचपन से किया बहुत स्ट्रगल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अभिनेत्री हरलीन सेठी ने ब्रोकन बट ब्यूटीफुल, कोहरा, शक: ट्रस्ट नो वन जैसे प्रोजेक्ट्स में अलग-अलग किरदार निभाए हैं। लेकिन, एक्टिंग का यह सफर उनके लिए सिर्फ किरदार निभाने तक सीमित नहीं रहा। इस दौरान उन्हें खुद को स्वीकार करना भी सीखना पड़ा।

एक्ट्रेस हरलीन सेठी ने बताया कि वह अपने गोरे-चिट्टे भाई से खुद की तुलना करती थीं। रंग को लेकर यह झिझक एक्टिंग में आने के बाद भी उनका पीछा करती रही। 'ब्रोकन बट ब्यूटीफुल' के दौरान वह दर्शकों के कमेंट्स में भी अपनी स्किन को लेकर प्रतिक्रिया ढूंढती थीं। फिर एक वक्त ऐसा आया, जब उन्हें एहसास हुआ कि लोग उन्हें उनके रंग के लिए नहीं, उनके काम के लिए पसंद कर रहे हैं। हरलीन के मुताबिक, रंग को लेकर उनकी झिझक किसी एक व्यक्ति की कही बात से नहीं आई। वह खुद की दूसरों से तुलना करती रहीं और धीरे-धीरे यह बात उनके मन में बैठ गई। हरलीन ने कहा, 'मुझे लगता है कि ये ज्यादा सेल्फ-इनफ्लिक्टेड ही था। जब आप एक तरीके के दिखते हो और आपकी मम्मी एक अलग तरीके की दिखती हैं, तो आपको लगता है कि यार, ये कैसे है? मेरा भाई मेरी मां पर गया था। मेरा भाई भी बहुत सुंदर है। वो एकदम गोरा-चिट्टा था और मैं डस्की। तो मुझे लगता है कि ये चीज खुद से ही आई। वह बताती हैं कि बचपन से ही भाई करण के लुक्स की खूब तारीफ होती थी। 'सब उसको कहते थे कि तुम कितना सुंदर हो। हम कहीं भी जाते थे तो लोग पूछते थे कि यार, तू कब हीरो बन रहा है, तू कब एक्टर है।



हॉलीवुड मसाला



फिल्मों के साथ टीवी में कमाया नाम

लॉस एंजिल्स। अमेरिकी अभिनेत्री सेल्मा ब्लेयर को रविवार को न्यूयॉर्क में गिरफ्तार किया गया है। इल्जाम है कि उन्होंने लॉस एंजिल्स से न्यूयॉर्क जा रही एक फ्लाइट में विमान परिचारिकाओं को जख्मी कर दिया। सेल्मा ब्लेयर एक अमेरिकी अभिनेत्री और लेखिका हैं। उन्होंने कई बड़ी फिल्मों में अहम किरदार निभाया है। 23 जून, 1972 को साउथफील्ड, मिशिगन में जन्मी अभिनेत्री ने क्रूएल इंटेंशन्स (1999), लीगली ब्लोन्ड (2001) और हेलबॉय (2004) में मुख्य भूमिका निभाई। यही नहीं, अभिनेत्री ने टीवी में भी बड़ा नाम कमाया है।



ब्रेकिंग बैड को दुनियाभर में दिलाई थी पहचान...

लॉस एंजिल्स। शो 'ब्रेकिंग बैड' फेम अभिनेता आरजे मिट्टे का निधन हो गया है। वह 34 साल के थे। सेरेब्रल पाल्सी नाम की बीमारी से जूझ रहे थे। मिट्टे पहली बार 2008 में शो 'ब्रेकिंग बैड' में केमिस्ट्री टीचर से ड्रग किंगपिन बने वॉल्टर व्हाइट के बेटे के रोल में दिखे थे। इस रोल ने ब्रायन क्रैंस्टन को दुनिया भर में पहचान दिलाई थी। अभिनेता के प्रतिनिधि शॉन रेली रेली ने कहा, 'सेरेब्रल पाल्सी के साथ जीने के अपने अनुभव से मिट्टे ने इस रोल में असलियत लाई। दिव्यांगता के बारे में जागरूकता और उन्हें समाज में शामिल करने के लिए एक मंच तैयार किया।' 2008 से 2013 के बीच पांच सीजन तक चली 'ब्रेकिंग बैड' को अक्सर एक क्रांतिकारी टीवी शो माना जाता है। हाल ही में इसे 21वीं सदी का सबसे बेहतरीन टीवी शो बताया था।



तमन्ना ने नवरात्रि में रखी माता की चौकी

नई दिल्ली। शारदीय नवरात्रि चल रहे हैं। अभिनेत्री तमन्ना भाटिया माता रानी की भक्ति में लीन हैं। उन्होंने अपने यहां माता की चौकी रखी, जहां मृणाल ठाकुर भी पहुंचीं। अभिनेत्री तमन्ना भाटिया नवरात्रि पर अपने यहां माता की चौकी रखती हैं। इस बार भी उन्होंने यह आयोजन किया। शारदीय नवरात्रि के पावन दिनों में तमन्ना के घर माता रानी का दरबार सजा। अभिनेत्री मां भगवती की भक्ति में लीन दिखीं और भजन पर झूमकर डांस किया। तमन्ना भाटिया के यहां माता की चौकी में चर्चित एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर भी पहुंचीं। उन्होंने भी माता रानी के भजन गाए और तमन्ना भाटिया के साथ भक्ति गीतों पर डांस किया। तमन्ना भाटिया ने माता की चौकी की कुछ झलकियां अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से साझा की हैं।



कॉफी विद... के पहले एपिसोड में आएंगे

मुंबई। सेलिब्रिटी चैट शो 'कॉफी विद करण' का नया सीजन कल (बुधवार) से शुरू होगा। इस आखिरी सीजन के पहले एपिसोड में सलमान खान मेहमान बनकर आएंगे। एपिसोड का प्रोमो मेकर्स ने जारी किया है। इस प्रोमो वीडियो में सलमान, करण के ही मजे लेते नजर आ रहे हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने करण को लेकर अपना शक भी जाहिर किया। जानिए इस प्रोमो में क्या है खास? प्रोमो के शुरुआत में करण कहते हैं कि एक बार एक समझदार आदमी ने कहा था- इट्स डन ब्रो.. तो मेरे शो के आखिरी सीजन की शुरूआत इससे बेहतर कौन ही कर सकता है? इसके बाद सलमान आए और उन्होंने करण को गेस्ट के सोफे पर बैठा दिया और खुद होस्ट के सोफे पर बैठे नजर आए। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि कॉफी विद करण के बाद अब कॉफी विद सलमान होगा।

टीवी मसाला



जिस शो ने बनाया स्टार, 20 साल बाद उसी मंच पर लौटे अभिजीत

नई दिल्ली। भारतीय टेलीविजन के म्यूजिक रियलिटी शो 'इंडियन आइडल' के पहले सीजन के विजेता अभिजीत सावंत करीब दो दशक बाद एक बार फिर उसी मंच पर लौट रहे हैं, जहां से उन्होंने अपने कॅरियर की शुरुआत हुई थी। साल 2005 में 'इंडियन आइडल' का पहला सीजन जीतकर अभिजीत ने देशभर में पहचान बनाई थी। अब वह सोनी टीवी के नए शो 'इंडियन आइडल लीजेंड्स रिटर्न' में भी नजर आएंगे। अभिजीत सावंत की वापसी से शो के सेट पर पुरानी यादें ताजा हो गईं। उनके साथ पहले सीजन में फाइनल तक पहुंचे और रनर-अप रहे अमित सना ने भी उनकी तारीफ की। अमित ने कहा कि इंडियन आइडल की पहचान बनाने में अभिजीत का बड़ा योगदान रहा है।अमित के मुताबिक, अभिजीत के बिना इंडियन आइडल की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने अभिजीत के पहले एल्बम के मशहूर गाने 'मोहब्बतें लुटाऊंगा' को भी याद किया, जो आज भी लोगों के बीच काफी फेमस है। शो के जज हिमेश रेशमिया ने भी अभिजीत की वापसी का खास अंदाज में स्वागत किया। उन्होंने म्यूजिकल एंट्री के साथ कहा कि अभिजीत की वापसी से यह शो ब्लॉकबस्टर बनेगा। हिमेश ने आगे कहा कि अभिजीत ने इंडियन आइडल के प्रति अपना कर्ज चुका दिया है और उन्होंने म्यूजिक इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बनाई है। शो में वापसी को लेकर अभिजीत ने कहा कि इस मंच पर दोबारा आना उनके लिए एक खास पल है। सिंगर ने याद किया कि 20 साल पहले जब वह पहली बार इस मंच पर आए थे, तब उनके मन में घबराहट और उम्मीद दोनों थीं।

सोनाली ने सुनाया माइकल से जुड़ा किस्सा

मुंबई। 'कौन होनार करोड़पति' में शो की होस्ट माधुरी दीक्षित ने अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे से दिवंगत दिग्गज स्टार माइकल जैक्सन के आगमन के दिन के बारे सवाल किया। इतना ही नहीं, उन्होंने सोनाली से उस दौरान नौवारी साड़ी पहनने के बारे में भी काफी कुछ पूछा। हाल ही में सोनी मराठी के शो 'कौन होनार करोड़पति' में अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे शामिल हुईं। इस ग्रैंड प्रीमियर एपिसोड में भाग लेते हुए उन्होंने पॉप आइकन माइकल जैक्सन के भारत की पहली यात्रा को याद किया। सोनाली बेंद्रे ने मराठी क्विज शो 'कौन होनार करोड़पति' में दिवंगत पॉप सिंगर से जुड़ी याद शेयर की। उन्होंने बताया की उस समय माइकल से मिलने से ज्यादा उन्हें नौवारी साड़ी पहनने का उत्साह था। उन्होंने कहा, 'सच कहूं तो, मैं उनकी इतनी बड़ी प्रशंसक नहीं थी। उन्होंने मुझसे कहा कि वह इस के लिए मराठी लड़कियों को लेना चाहते हैं। और उस समय, मुझे अपने दोस्तों और परिवार के लिए मुफ्त टिकट मिले थे।'



द लीजेंड ऑफ हनुमान 7 का ट्रेलर रिलीज

रौद्र रूप में लौट रहे अंजनी पुत्र

वह महान कथा फिर से लौट आई है और इस बार दांव पहले से कहीं ज्यादा बड़ा है। जियो हॉटस्टार ने 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' सीजन 7 का ट्रेलर रिलीज कर दिया है, जो इसकी सबसे पसंदीदा फ्रैंचाइजी में से एक की वापसी का संकेत है और यह अब तक का सबसे बड़ा चैप्टर है।



नई दिल्ली। 23 अक्टूबर से जियो हॉटस्टार पर 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' सीजन 7 देख सकते हैं। इसमें हनुमान समय के पार एक सफर पर निकलते हैं ताकि वे अपनी दैवीय शक्ति की असली हद को जान सकें। नया सीजन लंका की लड़ाई को सबसे मुश्किल दौर में ले जाता है, जहां रावण अपने अब तक के सबसे भयानक रूप में सामने आता है। जब वानर सेना निराशा में घिर जाती है, तो हनुमान उस एक हथियार की तलाश में निकलते हैं जो रावण का हमेशा के लिए अंत कर सके। आखिरी हथियार की तलाश के तौर पर शुरू हुआ यह सफर जल्द ही हनुमान को युद्ध के मैदान से दूर और अलग-अलग युगों में ले जाता है - भगवान राम के भूले-बिसरे अतीत और मृत्यु के राज्य तक। इस सफर में, उन्हें एक ऐसा राज पता चलता है जो सब कुछ बदल देगा। शानदार एक्शन के साथ भावना, आस्था और दोस्ती का मेल, सीजन 7 हनुमान की यात्रा में एक दमदार नया अध्याय जोड़ता है, क्योंकि रावण के अंत की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' सीजन 7 का प्रीमियर 23 अक्टूबर को जियो हॉटस्टार पर होगा। शरद केलकर रावण की आवाज के तौर पर लौट रहे हैं और एक बार फिर इस खतरनाक विलेन को अपनी खास आवाज दे रहे हैं। सीरीज में वापसी के बारे में बात करते हुए शरद केलकर ने कहा, 'मुझे 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' का हिस्सा बनकर बहुत मजा आया है, यह शो हमारी पौराणिक कथाओं की कुछ सबसे सदाबहार कहानियों को जीवंत करता है। शरद देवराजन, जीवन जे. कांग और चारुवी अग्रवाल द्वारा बनाई गई 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' सीजन 7, सीरीज की खास एनिमेशन स्टाइटल और विशाल

77 साल की उम्र में माता पार्वती बनकर हेमा ने जीता दिल

हेमा मालिनी को बॉलीवुड की ड्रीम गर्ल कहा जाता है। उनकी सुंदरता का आज भी कोई सानी नहीं है। यही वजह है कि 77 साल की उम्र में हेमा मालिनी ने मां पार्वती बनकर सभी को सरप्राइज किया। हेमा मालिनी ने 11 अक्टूबर को हैदराबाद में नवरात्रि सेलिब्रेशन के तहत अपना मशहूर डांस प्रोग्राम 'दुर्गा' पेश किया। उन्होंने 'क्लासिक कन्वेंशन सेंटर' में अग्रवाल समाज, तेलंगाना के 'आगरा डांडिया नवरात्रि' उत्सव के दौरान यह परफॉर्मेंस दी, जिसमें महाराजा अग्रसेन जयंती भी मनाई गई।

नई दिल्ली। हेमा ने इंस्टाग्राम पर परफॉर्मेंस की तस्वीरें और एक वीडियो शेयर किया, जिसमें इस भव्य प्रोडक्शन की झलक देखने को मिली। एक तस्वीर में, वह माता पार्वती के रूप में तैयार नजर आईं और उनके साथ भगवान का किरदार निभाने वाले एक एक्टर भी थे। इन तस्वीरों में उन पौराणिक किरदारों की झलक मिली जिन्हें उनके डांस परफॉर्मेंस के जरिए एक साथ लाया गया था। यह परफॉर्मेंस नवरात्रि के पहले दिन हुई थी। अपनी परफॉर्मेंस के बारे में बात करते हुए, हेमा मालिनी ने इस शुभ मौके पर अपनी वीडियो शेयर करते हुए खुशी जाहिर की। अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'कल शाम मैंने तेलंगाना के अग्रवाल समाज के 'आगरा डांडिया नवरात्रि सेलिब्रेशन' के लिए क्लासिक कन्वेंशन सेंटर में परफॉर्मेंस दी।' यह मौका 11.10.2026 को महाराजा अग्रसेन जयंती के साथ भी जुड़ा था। नवरात्रि के पहले दिन अपने सबसे मशहूर बैले 'दुर्गा' को पेश करना बहुत प्यारा और खास अनुभव था, और मैंने सच में खुद को बहुत सौभाग्यशाली महसूस किया।' अपने शानदार फिल्मी करियर के अलावा, हेमा मालिनी भरतनाट्यम से भी गहराई से जुड़ी रही हैं।



तुलसीदास से लेकर खाटू श्याम तक, 10 बड़ी फिल्मों पर दांव

हनुमान अंश के बाद सिनेमा में आएगा आस्था का सैलाब

नई दिल्ली। हनुमान अंश की सफलता ने फिल्म इंडस्ट्री में डिवोशनल फिल्म को लेकर क्रेज बढ़ा दिया है। वहीं, दर्शक भी इस तरह की फिल्मों को काफी पसंद कर रहे हैं और इसीलिए 2026 और 2027 में 10 डिवोशनल फिल्मों पर मेकर्स दांव लगाने जा रहे हैं जिन्हें लेकर 'हनुमान अंश' जैसी सफलता की उम्मीद की जा रही है।

डिवोशनल फिल्मों पर दांव लगा रहे फिल्ममेकर्स

नीम करोली बाबा के जीवन पर फिल्म के बाद अब आने वाले कुछ महीनों में डिवोशनल व्यक्तित्वों पर फिल्में आ रही हैं जिनमें गोस्वामी तुलसीदास, सांई बाबा, खाटू श्याम शामिल हैं। अपकमिंग डिवोशनल फिल्मों का ये सिलसिला रामायण: पार्ट 1 से शुरू होगा और इसके बाद लगभग 10 फिल्में और रिलीज होंगी।

'हनुमान अंश से कृष्णावतरम' ने किया करोड़ों में कारोबार

पिछले कुछ सालों में कांतारा, महावतार नरसिम्हा, कृष्णावतारम-जैसी फिल्मों की सफलता ने साबित किया है कि दर्शकों को इस तरह का कंटेंट पसंद है। इन सभी फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा खासा प्रॉफिट कमाया और अब यही उम्मीद आने वाली डिवोशनल फिल्मों से की जा रही है।



गानों ने भी मचाया धमाल

डिवोशनल फिल्मों के साथ-साथ लोगों को इनके गाने भी खासे पसंद आए हैं। हनुमान अंश का पार्वती गाना आते ही सोशल मीडिया पर छा गया था वहीं यूट्यूब पर अब तक इसके 120 मिलियन व्यूज हो गए हैं। इसके अलावा कृष्णावतारम के सभी गाने शानदार थे वहीं 'कांतारा' का कर्मा सॉन्ग अब भी सोशल मीडिया रील्स में ट्रेंडिंग है।

क्यों सफल हुईं डिवोशनल फिल्में?

इस सवाल का सीधा जवाब है इस तरह के कंटेंट से दर्शकों का सीधा जुड़ाव। भारत का कल्चर ही इसकी पहचान है और एक बड़ी जनसंख्या भगवान में आस्था रखती है और इसीलिए डिवोशनल व्यक्तित्व से जुड़े इतिहास और कहानी में दर्शकों की खास रुचि है क्योंकि इसे वे अपने आप से जुड़ा हुआ पाते हैं।

हनुमान अंश ने दुनियाभर में कमाए 400 करोड़

सिर्फ 2 करोड़ रुपए बजट में बनी 'हनुमान अंश' ने वर्ड ऑफ माउथ के दम पर तीसरे हफ्ते से कमाई की रफ्तार पकड़ी थी। फिल्म को थिएटर्स में चलते हुए 2 महीने से ज्यादा हो गए हैं और इसने नेट इंडिया कलेक्शन में 300 करोड़ रुपए और ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर 400 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर लिया है।

2027 में रिलीज होंगी 10 डिवोशनल फिल्में

- **रामायण: पार्ट-** नवंबर 2026
- **वाल्मिकी रामायण-** 2026 (संभावित)
- **तेरा साईं-** फरवरी 2027
- **चिरंजीवी हनुमान: द इटरनल-** फरवरी 2027 (संभावित)
- **हारे का सहारा बाबा खाटू श्याम हमारा-** 2027
- **कृष्णावतारम पार्ट 2-** 2027 में संभावित
- **महावतार परशुराम-** दिसंबर 2027
- **राम बोला-** 2027 में फ्लोर पर आएगी
- **हनुमान अंश 2-** अनाउंस नहीं हुई है।

खबर संक्षेप



बलजिंद्र का भजन 'तुम्हें आना पड़ेगा मां' रिलीज

डबवाली। नवरात्रों की भक्ति और रामलीला की रौनक के बीच सोमवार रात मंडी डबवाली के रामलीला मंच से गायक बलजिंद्र रीत का मां भगवती की आराधना को समर्पित भजन 'तुम्हें आना पड़ेगा मां' रिलीज किया गया। इस मौके पर जितेंद्र कुमार एचसीएस, सीईओ जिला परिषद पलवल, उनकी धर्मपत्नी डॉ. रूहानी चौधरी, एडवोकेट पुनीत मसीतां व श्री श्याम मंदिर प्रबंधक समिति के पदाधिकारी मौजूद थे।

25 लाख की ठगी में दूसरे आरोपी गिरफ्तार

फतेहाबाद। विदेश भेजने और वहां रोजगार दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले गिरोहों के



खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत इकोनॉमिक सेल फतेहाबाद की टीम ने 25 लाख रुपये की ठगी के मामले में दूसरे आरोपी को काबू कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान फतेहाबाद जिले के गांव दहमन निवासी विजेन्द्र सिंह पुत्र लक्ष्मण दास के रूप में हुई है। उल्लेखनीय है कि इस मामले में एक आरोपी को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

परविंदर सिंह को सरकार दे शहीद का दर्जा : भवानी

फतेहाबाद। पंजाब के मानसा में नशे के खिलाफ लंबे समय से धुआंधार लड़ाई लड़ रहे प्रसिद्ध सोशल एक्टिविस्ट परविंदर सिंह झोटा की मेडिकल स्टोर पर नशा बेचने से रोकने पर दुकान मालिक द्वारा गोली मारकर हत्या करने की घटना से



नशे के खिलाफ जंग में शहीद हुए परविंदर सिंह झोटा।

फतेहाबाद क्षेत्र के युवाओं और नशामुक्ति सेना में जबरदस्त आक्रोश फूट पड़ा है। भवानी सिंह ने पंजाब सरकार से मांग करते हुए कहा कि जिस प्रकार सरहदों पर हमारे बहादुर सैनिक दुश्मन की गोलियों का सामना करते हुए देश की रक्षा करते हैं, उसी प्रकार परविंदर सिंह देश के भीतर जहर घोलने वाले नशा तस्करों से लोहा लेते हुए शहीद हुए हैं। इसलिए पंजाब सरकार उन्हें तुरंत 'शहीद' का दर्जा दे।

महिला से दुष्कर्म और धमकी का आरोपी पकड़ा

फतेहाबाद। एक महिला से दुष्कर्म एवं जान से मारने की धमकी देने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने मुख्य



आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान फतेहाबाद जिले के गांव मोहम्मदपुर रोही निवासी जीत सिंह पुत्र सौदागर सिंह के रूप में हुई है। जानकारी देते हुए थाना सदर फतेहाबाद के प्रभारी उपनिरीक्षक सुमित ने बताया कि पुलिस को दी गई शिकायत में एक महिला ने आरोप लगाया था 25 सितंबर को आरोपी ने उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया।

हादसों से परेशान लोगों ने किया प्रदर्शन

ढाणी सांचला-भोजराज रोड पर 25-25 लाख के दोनों नाले अधूरे

- मांग को लेकर नपा सचिव दीपक कुमार से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना



भूना। नगर पालिका कार्यालय में सचिव से मिलकर विरोध प्रकट करते हुए ढाणी सांचला रोड के लोग।

ढाणी सांचला-भोजराज रोड पर करीब 25-25 लाख रुपए की लागत से बनाए जा रहे बरसाती पानी निकासी के दो नाले आठ महीने से अधूरे पड़े हैं। इससे सडक़ पर हादसों का खतरा बना हुआ है। मंगलवार को अधूरे नालों का निर्माण कार्य पूरा करवाने की मांग को लेकर स्थानीय निवासियों ने नगर पालिका सचिव दीपक कुमार से मुलाकात की। सचिव के जवाब से असंतुष्ट लोगों ने रोष जताते हुए प्रदर्शन किया और एक सप्ताह में काम शुरू नहीं होने पर डीएमसी कार्यालय में प्रदर्शन करने की चेतावनी दी।

ढाणी सांचला रोड निवासी पूर्ण चंद टाक, भूप सिंह सोनी, कुलदीप सिंह हेरतवाल, नत्थूराम, शंकर लाल और प्रेम कुमार सहित अन्य लोगों ने बताया कि इंदिरा मॉडर्न स्कूल से शहर की ओर तथा स्कूल से ढाणी सांचला गांव की तरफ जाने वाली सडक़ पर बरसाती पानी की निकासी के लिए अलग-अलग दो नालों का निर्माण कराया गया था। करीब आठ महीने पहले शुरू हुआ काम ठेकेदार ने अधूरा छोड़ दिया। इससे आसपास रहने वाले लोगों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्कूल बस और मोटरसाइकिल सवारों को खतरा

लोगों के अनुसार, अधूरे नालों के कारण सडक़ पर दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। कई बार स्कूल बस हादसे का शिकार होते-होते बची है, जबकि मोटरसाइकिल सवार भी गिरकर चोटिल हो चुके हैं। लोगों ने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य पूरा नहीं होने के बावजूद ठेकेदार ने नगर पालिका में भुगतान के लिए बिल जमा करवा दिया है। उन्होंने मामले की जांच करवाकर निर्माण कार्य पूरा होने तक भुगतान रोकने की मांग की। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता बहुत खराब इस्तेमाल की गई, परंतु ठेकेदार के साथ मिलकर अधिकारियों ने सरकारी राजस्व को चूना लगा दिया।

अधूरा काम मिला तो अभियंताओं को लिखेंगे : सचिव

नगर पालिका सचिव दीपक कुमार ने बताया कि ढाणी सांचला रोड के निवासियों ने अधूरे नालों को लेकर शिकायत दी है। यदि ठेकेदार ने काम अधूरा छोड़ा है तो पालिका के अभियंता और कनिष्ठ अभियंता को कार्रवाई के लिए लिखा जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य पूरा होने से पहले ठेकेदार को किसी भी कीमत पर भुगतान नहीं किया जाएगा।

फैशन कैप्सूल इन थ्रीडी स्पर्धा में मनप्रीत एवं निशा का रॉयल हैंगर मॉडल अव्वल

- छात्र-छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता एवं दक्षता का बढ़-चढ़ कर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। फैशन कैप्सूल इन थ्रीडी प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी।

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा के यूनिवर्सिटी स्कूल फॉर ग्रेजुएट स्टडीज के फैशन डिजाइन एवं लाइफ स्टाइल टेक्नोलॉजी विभाग द्वारा फैशन कैप्सूल इन थ्रीडी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभाग के छात्र-छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता एवं दक्षता का बढ़-चढ़ कर प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में यूएसजीएस के डीन प्रो. मोहम्मद काशिफ किदवई ने शिरकत की। प्रो. किदवई ने सभी छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आज के दौर में केवल सृजनात्मक तरीक़े से किसी कार्य को संपन्न करने के साथ ही उसकी प्रस्तुति पर भी विशेष ध्यान दिया जाना आवश्यक है। उन्होंने आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहें ताकि छात्र-छात्राएं इसी प्रकार अपने जीवन के सुनिर्माण में जुटे रहें। विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए फैशन कैप्सूल इन थ्रीडी विषयक मॉडल्स की विभाग में ही प्रदर्शनी लगाई गई। अलग-अलग विषयवस्तुओं पर बनाए गए इन मॉडल में देशी-विदेशी एवं ग्रामीण संस्कृति की झलक देखने को मिली।

भूना में 29 ग्राम पंचायतों के लिए लगा मेगा समाधान शिविर

- 25 विभागों ने मौके पर सुलझाई लोगों की समस्याएं

भूना। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय भूना में मंगलवार को 29 ग्राम पंचायतों के लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए मेगा समाधान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 25 विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें सुनीं और अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया। इस दौरान लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी गई। बीडीपीओ ऋषभ सिंगल की निगरानी में आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। इनमें फैमिली आईडी में त्रुटियां, आधार कार्ड से संबंधित दिक्कतें, बैंक ऋण, पेंशन और राशन कार्ड से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रहीं। संबंधित विभागों के अधिकारियों ने शिकायतों की जानकारी लेकर प्राथमिकता के आधार पर समाधान की प्रक्रिया अपनाई। जिन मामलों में तत्काल समाधान संभव था, उनका मौके पर निपटारा किया गया, जबकि अन्य मामलों में लोगों को आवश्यक दस्तावेजों और आगामी प्रक्रिया के बारे में मार्गदर्शन दिया गया।

अवैध पिस्तौल मामले में मुख्य सप्लायर बब्बू

फतेहाबाद। थाना शहर रतिया पुलिस ने अवैध देसी पिस्तौल व जिंदा कारतूस बरामदगी के मामले में कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए इसके मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए मुख्य आरोपी की पहचान बब्बू उर्फ पोपल पुत्र गोरा सिंह, निवासी वार्ड नंबर 4, पुरानी गौशाला के नजदीक, रतिया के रूप में हुई है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। थाना शहर रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक प्रवीण ने बताया कि गत 29 सितंबर को पुलिस टीम फतेहाबाद रोड स्थित सुखमणी नहर ब्रांच के नजदीक गश्त पर मौजूद थी। इस दौरान कार्रवाई की।

दिव्यांशी सिंगला अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पद पर पदोन्नति

पुलिस अधिकारियों के साथ मिठाई बांटकर जताई खुशी

फतेहाबाद। फतेहाबाद में कार्यरत आईपीएस अधिकारी दिव्यांशी सिंगला को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया है। पदोन्नति के बाद पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर ने उनके कंधों पर नए पद का सूचक अशोक स्तंभ लगाकर उन्हें नई जिम्मेदारी सौंपी। अब तक सहायक पुलिस अधीक्षक के रूप में सेवाएं दे रहीं दिव्यांशी सिंगला की पदोन्नति के साथ ही फतेहाबाद पुलिस मुख्यालय में खुशी का माहौल बन गया। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ मिठाई बांटकर खुशी जताई। इस दौरान जिला पुलिस प्रमुख निकिता खट्टर ने पदोन्नत अधिकारी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह पदोन्नति उनकी लगातार मेहनत और कर्तव्यनिष्ठा का परिणाम है।



फतेहाबाद। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बनी दिव्यांशी सिंगला को अशोक स्तंभ लगाकर बधाई देते एसपी।

इंटर-कॉलेज बॉक्सिंग प्रतियोगिता: जेसीडी कॉलेज के तीन मुक्केबाजों ने जीता स्वर्ण

- लेफ्टिनेंट कर्नल अजय सिंह ने खिलाड़ियों को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। विजेता खिलाड़ियों को पदक पहनाकर सम्मानित करते हुए।

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित इंटर-कॉलेज बॉक्सिंग प्रतियोगिता में जेसीडी मेमोरियल कॉलेज, सिरसा के तीन खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल का परिचय देते हुए अपनी-अपनी भार श्रेणियों में स्वर्ण पदक जीतकर संस्थान का गौरव बढ़ाया।

प्रतियोगिता में बीएससी स्पोर्ट्स के सिद्धार्थ ने 90 किलोग्राम भार वर्ग, बीए के छात्र रोबिन ने 80 किलोग्राम भार वर्ग तथा बीएससी स्पोर्ट्स की छात्रा ट्विंकल ने 65 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। तीनों खिलाड़ियों का जेसीडी विद्यापीठ पहुंचने पर स्वागत किया गया। विद्यापीठ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल अजय सिंह (सेवानिवृत्त) ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी तथा पदक पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि खेलों में सफलता प्राप्त करने के लिए अनुशासन, निरंतर अभ्यास, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प अनिवार्य हैं। उन्होंने स्पोर्ट्स ऑफिसर डॉ. अमरीक, डॉ. कुलदीप और कमलवीर के मार्गदर्शन की भी सराहना की।

पहले होगी स्व-गणना उसके बाद डिजिटल जनगणना होगी शुरू

- 700 की आबादी पर एक एन्यूमरेटर की होगी नियुक्ति

सिरसा। जनगणना-2027 के दूसरे चरण को लेकर जिला एवं उपमंडल स्तर के अधिकारियों, चार्ज अधिकारियों तथा जनगणना लिपिकों व तकनीकी सहायकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम 13 व 14 अक्टूबर को चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा के सीवी रमन भवन स्थित सेमिनार हॉल में आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान नगराधीश अजय सिंह ने जनगणना की प्रक्रिया, निर्धारित समय-सारणी और सर्वेक्षण की तैयारियों के संबंध में जानकारी दी।नगराधीश अजय सिंह ने बताया कि घर-घर जाकर जनगणना सर्वेक्षण 25 जनवरी से 28 फरवरी तक किया जाएगा। इससे पहले 10 जनवरी से 24 फरवरी तक स्व-गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) की प्रक्रिया चलेगी। इसके बाद 1 मार्च से 5 मार्च तक रिविजनल राउंड आयोजित किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जनगणना कार्य की तैयारियां समय पर पूरी करने और निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्य करने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक 700 की आबादी अथवा 150 घरों पर एक गणनाकार (एन्यूमरेटर) नियुक्त किया जाएगा।

विभिन्न स्कूलों से आए 60 शिक्षकों को दी 'एक्टिव लर्निंग' विषय पर ट्रेनिंग

- आदर्श स्कूल दरियापुर में हुआ दो दिवसीय कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। आदर्श स्कूल दरियापुर में आयोजित ट्रेनिंग में भाग लेते विभिन्न स्कूलों के शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

गांव दरियापुर स्थित आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के तत्वावधान में दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। पहले दिन प्रमोटिंग मेंटल हेल्थ एंड वेलनेस अमंग स्टूडेंट्स तथा दूसरे दिन 'एक्टिव लर्निंग' विषय पर शिक्षकों को ट्रेनिंग प्रदान की गई। इस सीबीपी में मुख्य रिसोर्स पर्सन्स मुस्कान जिंदल, राखी मदान, सुनीता जाखड़ एवं राजवंती नरवाल ने शिक्षकों का मार्गदर्शन किया। इसमें विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों से आए लगभग 60 शिक्षकों एवं प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पहले दिन के ट्रेनिंग सेशन में विद्यार्थियों की मेंटल हेल्थ, इमोशनल बैलेंस, स्ट्रेस मैनेजमेंट तथा पॉजिटिव लर्निंग एनवायरनमेंट के महत्त्व पर चर्चा की गई। शिक्षकों को विद्यार्थियों की इमोशनल नीड्स को समझने और उनके ओवरऑल डेवलपमेंट को प्रोत्साहित करने के प्रैक्टिकल तरीके बताए गए। दूसरे दिन एक्टिव लर्निंग विषय के अंतर्गत एक्टिविटी-बेस्ड लर्निंग, ग्रुप डिस्कशन, प्रोजेक्ट वर्क तथा इंटरैक्टिव टीचिंग मेथड्स पर विशेष जोर दिया गया।

50 हजार की नकदी चुराने वाला गिरफ्तार

फतेहाबाद। टोहाना की कृष्णा कालोनी स्थित एक घर में घुसकर 50 हजार रुपये की नकदी चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर टोहाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान अक्षय कुमार पुत्र रमेश कुमार निवासी खेदड़, जिला हिसार के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा राशि में से 20 हजार 500 रुपये बरामद कर लिए हैं। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक सन्दीप कुमार ने बताया कि कृष्णा कालोनी, टोहाना निवासी बलविंदर कुमार ने पुलिस को शिकायत दी थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि बीते 10 अक्टूबर को सुबह करीब 11 बजे वह किसी काम से घर से बाहर गए हुए थे, उनकी बेटी स्कूल तथा बच्चे गौशाला गए थे।

नगर पालिका भंग करने के मुद्दे पर कोर कमेटी की बैठक

सफाई कर्मियों का रोजगार बचाने पर बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना



नगर पालिका को भंग कर ग्राम पंचायत बहाल करने की मांग को लेकर मंगलवार को कोर कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में नगर पालिका के वाइस चेयरमैन सहित पार्षदों और उनके प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में नगर पालिका और ग्राम पंचायत व्यवस्था के फायदे-नुकसान पर विस्तार से मंथन किया गया। साथ ही सफाई कर्मचारियों के रोजगार को सुरक्षित रखने और ग्राम पंचायत बहाली की मांग को आगे बढ़ाने को लेकर रणनीति तैयार की गई। बैठक में पार्षदों और प्रतिनिधियों ने एक सुर में गाम-राम का समर्थन किया। कोर कमेटी में शामिल पूर्व जिला पार्षद बलविंदर सिंह कैरो, पीडी शर्मा, तरसेम शर्मा, खैराती लाल छोकरा, सरपंच सुरेश कंबोज, पूर्व जिला पार्षद अजय मेहता और एडवोकेट प्रवीण राणा सहित अन्य सदस्यों ने पार्षदों को दोनों व्यवस्थाओं के प्रभावों की जानकारी दी। उन्होंने नगर पालिका के स्थान पर ग्राम पंचायत व्यवस्था बहाल होने से होने वाले संभावित फायदों पर भी चर्चा की। बैठक में पार्षद रोहतास जांगड़ा, प्रतिनिधि बलजीत सोनी, पार्षद अमन बाबा, पार्षद सुमित कुमार, प्रतिनिधि राजू कंबोज, पार्षद रामनिवास नायक, प्रतिनिधि संजीव छोकरा, पार्षद रोहतास गोयल, प्रतिनिधि राजकुमार, पार्षद राहुल दहिया, पार्षद अतुल सोनी, प्रतिनिधि मुकेश भुक्कल आदि मौजूद रहे।

भाजपा प्रदेश महामंत्री वेद फुलां श्रद्धालुओं सहित सालासर धाम के लिए पैदल रवाना

- पैदल यात्रा से श्रद्धालुओं में आस्था और धर्म की वृद्धि होगी : वेद फुलां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। जत्थे के साथ सालासर की पैदल यात्रा पर रवाना होते भाजपा प्रदेश महामंत्री वेद फुलां। फोटो : हरिभूमि

गांव फुलां से श्री सालासर धाम के लिए पांच दिवसीय पैदल यात्रा का शुभारंभ किया गया। भाजपा के प्रदेश महामंत्री व चेयरमैन वेद फुलां के संग अन्य श्रद्धालुओं के जत्थे ने जयकारों के साथ पैदल यात्रा शुरू की। यात्रा से पूर्व गांव के हनुमान मंदिर में सभी ने माथा टेककर आशीर्वाद लिया। इस यात्रा के दौरान सालासर बालाजी महाराज में भक्तों की अटूट श्रद्धा और विश्वास है। बाबा के दरबार में उनकी यही प्रार्थना है कि फतेहाबाद सहित पूरे प्रदेशवासियों का जीवन खुशहाल और समृद्ध रहे। उन्होंने कहा कि इस पैदल यात्रा से श्रद्धालुओं में आस्था और धर्म की वृद्धि होगी। बाला जी महाराज की सभी पर कृपा बनी रहे। उन्होंने बताया कि यह पैदल यात्रा 5 दिन में सालासर धाम पहुंचेगी और बाबा के दर्शन करेंगे। वहीं इस यात्रा का भट्टू रोड पर भाजपा नेता शम्मी ढींगड़ा द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर जगदीश शर्मा, साहिब दयाल वधवा, औम प्रकाश चुघ, मुलखराज चावला, विकास शर्मा, राजेश जांगड़ा, राधेश्याम झांझड़ा, धनंजय अग्रवाल, दीपक सरदाना, चन्द्र शेखर मिश्रा, सुरेन्द्र बिश्नोई अनिल मैहता, रामचन्द्र सेठी, दीपक मिश्रा, दक्षित कुमार, मोहित गर्ग, लवली मैहता, सुभाष चंदौरा, देवीलाल गोदारा आदि मौजूद रहे।

सरकारी विभागों में लाखों पद खाली, नई भर्तियां बंद होने से कर्मियों पर बढ़ रहा काम का बोझ

सर्व कर्मचारी संघ का ऐलान, 12 दिसंबर को दिल्ली की राष्ट्रीय रैली में फतेहाबाद से भाग लेंगे हजारों कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर चर्चा करते सर्व कर्मचारी संघ के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के फैसले अनुसार नगरपालिका, बिजली बोर्ड, फायर व स्कूलों में कार्यरत सभी तरह के कर्मचारियों तथा गेस्ट टीचर्स सहित प्रदेश के सभी सरकारी विभागों, पंचायती राज संस्थाओं, बोर्डों व निगमों में कार्यरत कच्चे कर्मचारियों को अतिशीघ्र पक्का किया जाए। इस मांग को लेकर सर्व कर्मचारी संघ विशेष अभियान चलाएगा। इसी कड़ी में अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर 12 दिसंबर को दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय रैली में फतेहाबाद जिले से हजारों कर्मचारी भाग लेंगे। यह निर्णय सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा, ब्लॉक फतेहाबाद की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान राजपाल मिताथल ने की, जबकि मंच संचालन सचिव सुरेश कुमार ने किया।

निजीकरण व ठेकेदारीकरण का विरोध

ब्लॉक प्रधान राजपाल मिताथल ने बताया कि राष्ट्रीय रैली की सफलता के लिए जिला स्तर पर तीन चरणों में व्यापक तैयारी अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत विभागीय यूनियनों व संगठनों की ब्लॉक स्तरीय विस्तारित बैठकें आयोजित की जाएंगी तथा सभी सरकारी विभागों में घर-घर व कार्यालय-कार्यालय संपर्क कर हैंडबिल व वॉल-पोस्टर बांटे जाएंगे और चंदा अभियान चलाया जाएगा। मीटिंग को संबोधित करते हुए नगरपालिका कर्मचारी संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश तुषामड़, वरिष्ठ उपप्रधान विजय ढाका तथा जिला सचिव रामनिवास शर्मा ने कहा कि केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार किसान, मजदूर, कर्मचारी व आम मेहनतकश वर्ग पर कॉर्पोरेट-परस्त नीतियां थोप रही है। इसके कारण देश व प्रदेश गहरे आर्थिक, सामाजिक और लोकतांत्रिक संकट से गुजर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूंजीपतियों के हित में सरकारी विभागों का तेजी से निजीकरण व ठेकेदारीकरण किया जा रहा है। इसका सीधा असर बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, असुरक्षित रोजगार, अस्थायी नियुक्तियों और पेंशन संकट के रूप में सामने आ रहा है। प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनने के बावजूद लाखों पद खाली पड़े हैं और नई भर्तियां बंद करके वर्तमान कर्मचारियों पर काम का बोझ लगातार बढ़ाया जा रहा है।

खबर संक्षेप

स्कूटी सवार 10.24 ग्राम हेरोइन सहित काबू

सिरसा। हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एचएसएनसीबी) की सिरसा यूनिट ने गश्त के दौरान बेगू रोड पर परमार्थ कॉलोनी क्षेत्र से स्कूटी सवार युवक को 10.24 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। यूनिट इंचार्ज एसआई बनवारी लाल ने बताया कि गश्त पर एक संदिग्ध युवक स्कूटी पर बैठा दिखाई दिया। तलाशी लेने पर 10.24 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। उसकी पहचान अनमोल सिंह उर्फ मोला निवासी इंद्रा विकास कॉलोनी, सिरसा के रूप में हुई है।

अब प्रत्येक वीरवार को लगेगी एसपी की अदालत

फतेहाबाद। आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के लिए पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर द्वारा चलाई जा रही साप्ताहिक जनसुनवाई के दिन में आंशिक बदलाव किया गया है। अब थाना सदर टोहाना स्थित पुराने डीएसपी कार्यालय में प्रत्येक शुक्रवार के बजाय प्रत्येक वीरवार को जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। 15 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक पुलिस अधीक्षक स्वयं आमजन की समस्याएं सुनेंगी।

श्री विश्वकर्मा शिक्षा न्यास का छात्रवृत्ति वितरण समारोह 18 को

सिरसा। श्री विश्वकर्मा शिक्षा न्यास, की ओर से छात्रवृत्ति वितरण समारोह 18 अक्टूबर को होगा। आयोजन प्रातः 10 बजे सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय सिरसा में होगा। प्रधान ओमप्रकाश सुथार ने बताया कि मुख्यातिथि डॉ. हेमलता जांगिड़, एमडी पैथोलॉजी, एम्स नई दिल्ली एवं असिस्टेंट प्रोफेसर, हिस्टोपैथोलॉजी, पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ होंगी। विशिष्ट अतिथि डॉ. वनीता सुथार, एमडीएस एवं प्रोफेसर, पीरियोडॉन्टिक्स, जेसीडी डेंटल कॉलेज सिरसा होंगी।

विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

सिरसा। सेवा संकल्प अभियान के तहत स्थानीय निकाय विभाग की ओर से जिले के सिरसा, मंडी डबवाली, रानियां, कालांवाली और ऐलनाबाद के स्कूलों में नुक्कड़ नाटक एवं स्वास्थ्य और स्वच्छता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों को स्वास्थ्य, व्यक्तिगत स्वच्छता और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में संबंधित स्कूलों के प्रधानाचार्यों ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

रोजगार मेला 16 को, 450 पदों पर होगा चयन

सिरसा। जिला रोजगार कार्यालय तथा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सिरसा के संयुक्त तत्वावधान में 16 अक्टूबर को विशाल रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह मेला राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिरसा में आयोजित होगा। जिला रोजगार अधिकारी डॉ. कविता ग्रेवाल ने बताया कि मेले में 30 से अधिक प्रतिष्ठित निजी कंपनियां और औद्योगिक संस्थान भाग लेंगे। इन कंपनियों द्वारा 450 से अधिक रिक्त पदों के लिए युवाओं के साक्षात्कार लिए जाएंगे।

नई बस्ती के सैंकड़ों विद्यार्थियों के रिहायशी प्रमाणपत्र अटके

नाम नई बस्ती, न पालिका में जगह न पंचायत में पहचान

डीसी से नगरपालिका में दोबारा शामिल करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

न नगरपालिका में शामिल, न किसी ग्राम पंचायत के अधीन। प्रशासनिक व्यवस्था के बीच फंसी नई बस्ती जाखल मंडी के करीब 1200 निवासियों को मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है। बस्ती के करीब 560 वोटरों के भी नगरपालिका और पंचायत के दायरे से बाहर होने का मुद्दा सामने आया है। वहीं, पिछले करीब चार वर्षों से सफाई नहीं होने और विद्यार्थियों के रिहायशी प्रमाण-पत्रों की तस्दीक में आ रही दिक्कतों से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। बस्तीवासियों ने मंगलवार को उपायुक्त डॉ. विवेक भारती को सामूहिक प्रार्थना-पत्र देकर नई बस्ती को नगरपालिका जाखल मंडी में दोबारा शामिल करने की मांग की है। निवासियों का कहना है कि बस्ती की आबादी करीब 1200 है और यहां रहने वाले अधिकांश लोग गैर-कृषि कार्यों पर निर्भर हैं। वे जाखल मंडी में रेहड़ी लगाने, दिहाड़ी मजदूरी करने और छोटे-मोटे काम करके परिवारों का गुजारा करते हैं। बस्ती का एकमात्र मुख्य रास्ता भी नगरपालिका क्षेत्र से होकर गुजरता है। रोजगार, आवागमन और रोजमर्रा की जरूरतों के लिए बस्ती के लोगों का जाखल मंडी से सीधा जुड़ाव है।



फतेहाबाद। डीसी से मिलने पहुंचे जाखल की नई बस्ती के लोग। फोटो : हरिभूमि

चार साल से सफाई नहीं गंदगी से लोग परेशान

बस्तीवासियों के अनुसार, नई बस्ती वर्तमान में न तो नगरपालिका जाखल मंडी में शामिल है और न ही किसी ग्राम पंचायत के अंतर्गत आती है। इसी स्थिति के कारण सफाई सहित मूलभूत सुविधाओं को लेकर समस्याएं बनी हुई हैं। लोगों का आरोप है कि पिछले करीब चार वर्षों से बस्ती में सफाई नहीं करवाई गई। इससे उन्हें गंदगी और अस्वच्छ वातावरण के बीच रहना पड़ रहा है।

सैकड़ों विद्यार्थियों की पढ़ाई हो रही प्रभावित

बस्ती के विद्यार्थियों के रिहायशी प्रमाण-पत्रों का सत्यापन नहीं होने से भी समस्या पैदा हो रही है। निवासियों का कहना है कि संबंधित अधिकारियों द्वारा प्रमाण-पत्रों की तस्दीक नहीं किए जाने के कारण सैकड़ों बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। उन्होंने इस समस्या का जल्द समाधान करवाने की मांग की है, ताकि विद्यार्थियों को आवश्यक दस्तावेज बनवाने में परेशानी न हो।

पहले नगरपालिका में शामिल थी बस्ती

प्रार्थना-पत्र में निवासियों ने बताया कि वार्डबंदी से पहले नई बस्ती नगरपालिका जाखल मंडी में शामिल थी। उस समय सड़क निर्माण और अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित विकास कार्य भी नगरपालिका द्वारा करवाए गए थे। बस्तीवासियों ने इसी पूर्व स्थिति का हवाला देते हुए कहा कि भौगोलिक स्थिति और लोगों की आजीविका को देखते हुए बस्ती को दोबारा नगरपालिका में शामिल किया जाना चाहिए। निवासियों ने उपायुक्त से मांग की है कि नई बस्ती को नगरपालिका में शामिल करने के लिए नियमानुसार कार्रवाई की जाए। साथ ही सफाई व्यवस्था बहाल करवाने और विद्यार्थियों के रिहायशी प्रमाण-पत्रों की तस्दीक सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए जाएं।



फतेहाबाद। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी।

क्रेसंट कॉलेज ऑफ एजुकेशन में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में दिखाया हुनर

फतेहाबाद। क्रेसंट कॉलेज ऑफ एजुकेशन, फतेहाबाद में सेवा संकल्प अभियान के तहत विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा एवं कलात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत पोस्टरों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। प्रतियोगिता में प्रियंका ने प्रथम, स्वाति ने द्वितीय तथा सोनिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. हरि राम ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसी रचनात्मक गतिविधियां विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास, कल्पनाशीलता एवं अभिव्यक्ति की क्षमता का विकास करती हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

ऑस्ट्रेलिया में खेलकर लौटी महकनूर का स्कूल में किया भव्य स्वागत

- खिलाड़ी ने बताया ओलंपिक में गोल्ड जीतना है लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

ऑस्ट्रेलिया में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलकर लौटी शाह सतनाम जी गर्ल्स स्कूल की 11वीं कक्षा की छात्रा महकनूर का मंगलवार को विद्यालय पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। एशिया-पैसिफिक सिक्सेस लैक्रोस चैंपियनशिप एवं ओलंपिक क्वालीफायर में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर लौटी महकनूर का अगला लक्ष्य ओलंपिक में खेलना और देश के लिए गोल्ड मेडल जीतना है।



सिरसा। महकनूर का स्कूल में पहुंचने पर स्वागत करते हुए स्कूल प्राचार्या व स्टाफ सदस्य।

चैंपियनशिप में हरियाणा की ओर से केवल दो खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें महकनूर भी शामिल रहीं। विद्यालय के मुख्य द्वार पर प्राचार्या डॉ. शीला पूनियां, उपप्राचार्या सीमा छाबड़ा, कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. गीता मोंगा, डॉ. रिशू तोमर, प्रशिक्षक मंजू टोहाना व स्टाफ सदस्यों ने फूलमालाएं पहनाकर महकनूर का स्वागत किया। प्राचार्या ने उन्हें टोकन ऑफ लव देकर सम्मानित किया।

रामदेवरा में आसोज माह की चांदनी दूज पर श्रद्धालु संध्या आरती में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

श्री बाबा सेवा समिति की ओर से संचालित शक्ति नगर स्थित प्राचीन बाबा रामदेव मंदिर रामदेवरा में आसोज माह की चांदनी दूज के उपलक्ष्य में श्रद्धालु संध्या आरती में शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने बाबा रामदेव महाराज के दरबार में नारियल ध्वजा चढ़ाकर आशीर्वाद लिया। समिति प्रधान रमेश जोइया ने समिति सदस्यों के साथ बाबा रामदेव महाराज को फूलों की माला अर्पित कर पूजा अर्चना व आराधना करते हुए क्षेत्र की सुख-शांति व समृद्धि की कामना की। बाबा रामदेव महाराज की पावन व सांची जोत प्रज्ज्वलित कर संध्या आरती की गई। समिति प्रधान रमेश जोइया ने बताया कि मंदिर रामदेवरा में हर माह की चांदनी दूज व चांदनी दशवीं के उपलक्ष्य में रूनेचा धाम की तर्ज पर जोत लेकर आरती की जाती है। जिसमें श्रद्धालु पूरी आस्था से शामिल होते हैं। इस मौके पर जोनी गहलोत, विरेंद्र मित्तल, राकेश जोइया, मनोज चायल, जश्न सेठी, हार्दिक आहुजा, सोनू शर्मा सहित श्रद्धालु मौजूद रहे।



फतेहाबाद। रामदेव मंदिर में पूजा अर्चना करते श्रद्धालु।

विद्यार्थियों ने पोस्टरों के माध्यम से दिया महंगाई से निपटने का संदेश

सिरसा। राजकीय महिला महाविद्यालय, सिरसा में अर्थशास्त्र विभाग की ओर से महंगाई एवं क्रय शक्ति विषय पर जागरूकता पोस्टर निर्माण गतिविधि का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने अपने पोस्टरों में दैनिक उपयोग की वस्तुओं एवं सेवाओं की कीमतों में होने वाली वृद्धि, घरेलू बजट पर उसके प्रभाव तथा आम नागरिकों के जीवन में आने वाली आर्थिक चुनौतियों को रचनात्मक रूप से दर्शाया। विशेष रूप से सीमित आय वाले परिवारों पर महंगाई का प्रभाव अधिक पड़ता है। इस अवसर पर डॉ. विक्रमजीत सिंह ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ रचनात्मक एवं जागरूकता आधारित कार्यक्रमों का आयोजन भी आवश्यक है। कार्यक्रम में डॉ. सतपाल एवं प्रो. मुकेश भी मौजूद रहे।



सिरसा। पोस्टर के माध्यम से महंगाई से निपटने का संदेश देते विद्यार्थी।

न्यूज डायरी



वाहन चालकों को सिखाए यातायात के गुर

फतेहाबाद। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और आमजन को सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से फतेहाबाद पुलिस ने मंगलवार को हांसपुर-फतेहाबाद रोड पर एक विशेष यातायात जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के तहत पुलिस कर्मियों ने मुख्य रूप से दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनकर ही सफर करने की हिदायत दी। इसके साथ ही उन्हें सड़क किनारे बनी सफेद शोल्डर पट्टी का ध्यान रखते हुए अपनी निर्धारित लेन में ही सुरक्षित दूरी बनाकर वाहन चलाने के बारे में समझाया गया। पुलिस ने चालकों को आगाह किया कि सड़क पर जरा सी लापरवाही भी गंभीर दुर्घटना का सबब बन सकती है।



विद्यार्थियों ने जानी संसद की कार्यप्रणाली

सिरसा। जिले के गांव नेजाडेला खुर्द के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें कक्षा 9वीं से 12वीं के लगभग 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने स्पीकर, महासचिव, प्रधानमंत्री, विपक्ष का नेता सहित अनेक सांसद बनकर एक घंटे तक अभिनय करके संसद की कार्यप्रणाली को चलाया। प्रतियोगिता की तैयारी राजनीतिक विज्ञान प्रवक्ता हरीश सिंगला व इतिहास प्राध्यापिका कुमारी विद्या के मार्गदर्शन में स्टाफ सदस्यों व बच्चों के सहयोग से की गई। विद्यालय प्राचार्य रामनिवास शर्मा व अंग्रेजी प्राध्यापिका सुमन लता ने आए हुए सभी आगंतुकों का स्वागत किया।



संस्कार योग केंद्र कागदाना रहा प्रथम

सिरसा। भगत सिंह स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय स्कूल गेम्स योग प्रतियोगिता में संस्कार योग केंद्र, कागदाना एवं योग नर्सरी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न स्पर्धाओं में प्रथम स्थान हासिल किया। आर्टिस्टिक सिंगल स्पर्धा में रोहित ने प्रथम स्थान, आर्टिस्टिक पेयर स्पर्धा में रोहित और समीर की जोड़ी ने प्रथम, रिदमिक पेयर स्पर्धा में मीत और समीर की जोड़ी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस शानदार उपलब्धि पर संस्कार योग केंद्र के संचालक हरजीराम एवं योग कोच ममता जाखड़ ने सभी विजेता खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई दी।



श्रवण प्रसंग के मार्मिक दृश्य का मंचन किया

सिरसा। जनता भवन रोड पर रामलीला मैदान में आयोजित इस आदर्श रामलीला मंचन को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग उमड़ रहे हैं। रामलीला मंचन के दूसरे दिन सबसे पहले मात पितृ भक्त श्रवण द्वारा अपने अंधे माता-पिता को बहंगी में बैठा कंधों पर बैठा कर तीर्थ स्थलों का भ्रमण करवाने के दृश्य को देखकर दर्शक भाव विभोर हो उठे। जंगल में जब श्रवण कुमार अपने माता-पिता के लिए पानी लेने जाते हैं तो वहां आखेट खेलने आए राजा दशरथ द्वारा शब्द भेदी बाण चलाया गया जिसके लगने से श्रवन ने अपने प्राण त्याग दिए।

जमाल व डिंग में विशेष कैंप आज

सिरसा। सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सेवा सेतु अभियान जन कल्याण कैंपों का आयोजन किया जा रहा है। अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल ने बताया कि कार्यक्रम के तहत 14 अक्टूबर को खंड नाथूसरी चौपटा के गांव जमाल तथा 15 अक्टूबर को खंड नाथूसरी चौपटा के गांव डिंग में सेवा सेतु अभियान कैंप लगाया जाएगा। इन कैंपों में विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं के स्टॉल लगाकर आमजन को योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। सेवा सेतु कैंपों में लाडो लक्ष्मी योजना, पेंशन, लोन सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

महिलाओं को किया जाएगा सम्मानित

सिरसा। महिला एवं बाल विकास विभाग, हरियाणा की ओर से वर्ष 2026-2027 के राज्य स्तरीय पुरस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन पुरस्कारों के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाली महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च 2027 को सम्मानित किया जाएगा। महिला एवं बाल विकास विभाग की उप निदेशक डॉ. दर्शना सिंह ने बताया कि विभाग की ओर से सुषमा स्वराज अवार्ड, इंदिरा गांधी महिला शक्ति अवार्ड, कल्पना चावला शौर्य अवार्ड, बहन शन्नो देवी पंचायती राज अवार्ड, लाइफटाइम अचीवर अवार्ड तथा सरकारी कर्मचारी, सामाजिक कार्यकर्ता और महिला उद्यमी अवार्ड प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इन पुरस्कारों के लिए पात्र महिलाओं के नाम 5 नवंबर तक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन केवल ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे।

शिविर में 252 नेत्र रोगियों की हुई जांच

सिरसा। श्री हनुमंत फाउंडेशन द्वारा नेहरू पार्क स्थित श्री हनुमंत चैरिटेबल अस्पताल में नेत्र जांच व आपरेशन का 286वां निशुल्क शिविर लगाया गया। मुख्य परियोजना संयोजक सुमन मित्तल ने बताया कि जिला अंधता निवारण समिति के सहयोग से आयोजित शिविर का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष यतिंद्र सिंह एडवोकेट द्वारा किया गया। उनके साथ शिव शक्ति ब्लड बैंक के निर्देशक डॉ. वेद बैनीवाल व भाजपा के जिला महासचिव अंबर अरोड़ा विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि यतिंद्र सिंह ने कहा कि फाउंडेशन द्वारा पिछले 28 वर्षों से अधिक समय से प्रतिदिन 125 से अधिक जरूरतमंद लोगों को चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना बेमिसाल है। कैंप में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रवीण अरोड़ा, डॉ. महिप बंसल तथा डॉ. सीमा पूनिया द्वारा 252 नेत्र रोगियों की निःशुल्क जांच की गई।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 8295154800, 9315429403, 9253681005

शक्ति नाटक क्लब रतिया की रामलीला में उमड़ी भारी भीड़

भगवान श्रीराम ने किया ताड़का वध तो जयकारों से गूंजा पंडाल

रामलीला का शुभारंभ राजपाल ग्रोवर व विपिन बांसल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया

शक्ति नाटक क्लब रतिया द्वारा बाबा बंदा सिंह बहादुर गुरुद्वारा ग्राउंड, शक्ति नगर में आयोजित ऐतिहासिक रामलीला के तीसरे दिन सोमवार रात्रि को ताड़का वध का अत्यंत मार्मिक व सजीव मंचन किया गया। जैसे ही मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने ताड़का का वध कर ऋषि-मुनियों को उसके भय से मुक्त कराया, पूरा पंडाल जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। तीसरे दिन की रामलीला का शुभारंभ मुख्य अतिथि अरोड़वंश महासभा रतिया के अध्यक्ष राजपाल ग्रोवर व विपिन बांसल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके अलावा शिक्षाविद राम गोपाल बलाना, पप्पू कटारिया सरदारेवाला, राकेश ललित, प्रदीप बंसल, नरेंद्र सेतिया पप्पू, विशन नारंग, सुमित मेहता, आदिश गोयल, रवि सेतिया तथा सब्जी मंडी एसोसिएशन रतिया के नरेश कक्कड़, संजय बत्रा, मनोज सरदाना, गुलशन ग्रोवर सहित अन्य गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब प्रधान राजेश सेतिया ने की। अतिथियों ने कहा कि रामलीला केवल मंचन नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और संस्कारों की पाठशाला है। शक्ति नाटक क्लब जिस निष्ठा से धार्मिक मूल्यों को जीवित रखे हुए है, वह पूरे शहर के लिए गर्व की बात है। इस अवसर पर कमेटी प्रधान राजेश सेतिया, रवि मिढा, अंशुल बत्रा, सचिन ललित, करनैल सिंह, अनिल रूखाया, प्रिंस कालू तनेजा, शटी कक्कड़, रमेश जताना, विजय तनेजा, दीपू चिलाना, आशु तनेजा, सोनू चिलाना, मनोहर लाल, टीटू तनेजा सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।



रतिया। रामलीला का मंचन करते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

राक्षसों पर पाई श्रीराम ने विजय

तीसरे दिन के लीला मंचन में दर्शाया गया कि ताड़का एक शक्तिशाली राक्षसी थी, जो वन में आतंक फैलाती थी। उसके भय से ऋषि-मुनियों को तपस्या और यज्ञ संपन्न करने में कठिनाई होती थी। वह यज्ञ में बाधा डालती और वन में आने वालों को भयभीत करती थी। महर्षि विश्वामित्र अयोध्या पहुंचकर राजा दशरथ से उनके पुत्र श्रीराम और लक्ष्मण को यज्ञ की रक्षा के लिए मांगते हैं। गुरु की आज्ञा से दोनों राजकुमार उनके साथ वन को प्रस्थान करते हैं, जहां प्रभु श्रीराम एक ही बाण से ताड़का का संहार करते हैं। इसके पश्चात उसके पुत्र मारीच-सुबाहु सेना सहित आक्रमण करते हैं, जिन्हें राम-लक्ष्मण परास्त कर देते हैं। हालांकि मारीच युद्ध स्थल से भाग जाता है वहीं इसी दौरान मिथिला नरेश राजा जनक के दूत गुरु विश्वामित्र को भगवान श्रीराम व लक्ष्मण सहित सीता स्वयंवर का निमंत्रण देते हैं। रामलीला मंचन के तीसरे दिन संपूर्ण होने पर मुख्य अतिथियों को क्लब द्वारा पटका पहनाकर व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।